





## एक नजर में

### मंदसौर के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय खेलो एमपीयूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन



**मंदसौर।** राज्य स्तरीय खेलो एम.पी. यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर स्थित श्रीराम जिम में किया गया, जिसमें पी.जी. कॉलेज मंदसौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वेटलिफ्टिंग कोच आज़ाद सिंह सोलंकी ने बताया कि मंदसौर एवं नीमच जिले का चयन ट्रायल भानपुरा में आयोजित हुआ था, जिसमें चयनित खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ी मधु अवस्थी, पुलकित सोनी एवं अरुण राठौड़ ने अपने-अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए। विजेता खिलाड़ियों को शासन द्वारा नगद पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सलोनी व्यास, भूमिका मालवीय, मानवी रियार, रतना प्रजापत, चेतन सोलंकी एवं अंश गोयल ने भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार एवं वेटलिफ्टिंग कोच आज़ाद सिंह सोलंकी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 21 वर्ष देशसेवा के बाद सैनिक योगेश चौहान का मंदसौर आगमन पर भव्य स्वागत



**मंदसौर।** देश की रक्षा में 21 वर्षों तक निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए सैनिक योगेश जी चौहान के अपने वतन मंदसौर आगमन पर नगरवासियों एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। मंदसौर के गोल चौराहे पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में नागरिकों ने पुष्पमालाओं से सैनिक योगेश चौहान का सम्मान किया और देशसेवा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। नगरवासियों ने कहा कि सैनिकों का त्याग और समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। 21 वर्षों तक राष्ट्र की सेवा कर लौटे सैनिक का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने सैनिक योगेश चौहान के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। भव्य स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

### नपा की पीआईसी बैठक हुई

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में कल नपा परिषद मंदसौर की पीआईसी (प्रेसीडेंट इन कौंसिल) की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में भवन/भूखण्डों के नामांतरण प्रकरणों सहित 500 से अधिक प्रकरणों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नपा सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, निलेश जैन, निर्मला नरेश चंदवानी, कौशल्या बंधवार, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, रमेश ग्वाला एवं नपा की सभी शाखाओं के प्रमुख कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# ओलावृष्टि से फसल क्षति का त्वरित आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें : कलेक्टर

- कृषि विभाग, कृषि वर्ष की कार्ययोजना हेतु वार्षिक कैलेंडर तैयार करें
- साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागृह में साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में ओला वृष्टि, समग्र विकास, कृषि सुदृढ़ीकरण और जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने मल्हारगढ़ क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के संबंध में कृषि एवं राजस्व विभाग को आकलन कर त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समयबद्ध सहायता सुनिश्चित की जा सके। वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किए जाने के मद्देनज़र कृषि विभाग को वार्षिक कार्ययोजना का कैलेंडर तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में फसलों के विपणन, निर्यात, उत्पादन गुणवत्ता, प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने, माइक्रो इरिगेशन और दुग्ध उत्पादकों को जैविक प्रणाली से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही रबी विपणन के अंतर्गत गेहूं उपार्जन की तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जनस्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में कलेक्टर ने सभी नगर परिषद सीएमओ को पानी की गुणवत्ता की टेस्टिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने, रोस्टर अनुसार नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन और जलस्रोतों की निरंतर सफाई के निर्देश दिए। जनपद सीईओ को ग्राम पंचायत स्तर पर जलस्रोतों की पहचान कर सूची तैयार करने को कहा गया।

शिक्षा विभाग को महिला शौचालय रहित शासकीय विद्यालयों की सूची प्रस्तुत करने तथा संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सभी विभागों को नियमित शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण समाधान और समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष बल दिया गया।

# टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से निकली भव्य कलश व पोथीयात्रा, धर्मध्वजा स्थापना के साथ गौसेवा महोत्सव का शुभारंभ

- गोमाता के शेड के लिए महामंडलेश्वर ने प्रदान किये 51 हजार रुपये



**पिपलियामण्डी।** नगर एवं अंचल में धर्म, भक्ति और गौसेवा के पावन उद्देश्य को लेकर आयोजित श्रीमद् भागवत धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को श्रद्धा, उल्लास एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। इस अवसर पर टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से भव्य कलश एवं पोथीयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए।

कलश व पोथियात्रा बैंड-बाजों, ढोल-धमाकों और भक्ति संगीत के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई खात्याखेड़ी मार्ग होकर 5 किमी दूर बरखेड़ा पंथ स्थित श्री राधेकृष्ण गौशाला पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों पर नृत्य किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा से नगवासियों ने यात्रा का स्वागत् किया। गौशाला परिसर में पहुंचने पर महामंडलेश्वर सांदीपेंद्रगिरी महाराज (नलखेडा धाम) एवं भागवताचार्य देवेंद्र शास्त्री (धारीयाखेड़ी) के सानिध्य में धर्मध्वजा का विधिवत शुभारंभ किया गया। साथ ही गौमाताओं के लिए बनाए जाने वाले नए शेड का भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर संदीपेंद्र गिरी महाराज ने गौशाला में शेड के निर्माण के लिए 51 हजार रुपये प्रदान करने की घोषणा कर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरित किया।

भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भागवताचार्य देवेंद्र शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होना अत्यंत सौभाग्य की बात है, क्योंकि जहां गोमाता विराजित होती हैं, वहीं स्वयं भगवान का वास होता है। उन्होंने गौसेवा को साक्षात् भगवान की सेवा बताते हुए सभी से धर्म एवं सेवा के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव 01 फरवरी से 07 फरवरी 2026 तक श्री राधेकृष्ण गौशाला, बरखेड़ा पंथ में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा, आरती एवं विभिन्न धार्मिक एवं सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संपूर्ण आयोजन का संचालन प्रेस क्लब पिपलिया मंडी के तत्वावधान में किया जा रहा है।

प्रेस क्लब के संरक्षक मनोहर काबरा, अध्यक्ष जगदीश पंडित, उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता, सचिव जेपी तेलकार, बाबूलाल नागर, प्रकाश बंसल, नरेंद्र राठौर, शम्भू मेक, रवि पोरवाल, निखिल सोनी, ललित सोलंकी, शोभित बंसल, गोशाला समिति अध्यक्ष मोहनलाल तेलकार, बरखेड़ा पंथ पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर सहित समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर व अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर धर्म, भक्ति एवं गौसेवा के इस 7 दिनी पावन महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।



## दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन द्वारा धार्मिक पाठ का आयोजन

**मन्दसौर।** दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन द्वारा स्थानीय महावीर जिनालय जनकूपुरा में भक्तांबर पाठ का आयोजन रखा गया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रवक्ता दिनेश दोशी ने बताया कि ग्रुप द्वारा मासिक श्रृंखला के अंतर्गत प्रतिमाह के अंतिम दिन इस प्रकार का धार्मिक आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जनवरी माह के अंतिम दिन भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया था। पाठ में ग्रुप के दम्पत्ति सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर शांतिलाल बड़जात्या, राजेन्द्र कियावत, रमेश जैन, महावीर पाटनी, कोमल प्रकाश जैन, अजीत बंडी, डॉ. महेन्द्र पाटनी, सुधीर जैन आदि सदस्य उपस्थित थे। ग्रुप अध्यक्ष विनोद सिंहल, सचिव अजीत कोटड़िया, कोषाध्यक्ष सुरेश कागला ने सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

**एक नजर** — आरोप थाना भावगढ़ के हत्या प्रकरण में वर्ष 2024 से पैरोल से फरार था

# ड्रग्स के कुख्यात आरोपी गुलशेर और नंदू धराए



**मंदसौर।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले के कुख्यात आरोपी गुलशेर लाला उर्फ गुलशेर खान पठान तथा हत्या के प्रकरण में पैरोल से फरार आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदु पाटीदार को डेढ़ करोड़ से अधिक मूल्य की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 1 फरवरी 2026 को मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा गया।

आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम एमडी ड्रग्स (कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपये), 3 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा, तथा दो मोटरसाइकिल जब्त की गई। कुल जब्त मश्रुका की कीमत 1 करोड़ 51 लाख 22 हजार रुपये बताई गई है। इस संबंध में अपराध क्रमांक 80/2026 धारा 8/15, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदु वर्ष 2022 के थाना भावगढ़ के हत्या प्रकरण में वर्ष 2024 से पैरोल से फरार चल रहा था।

## नीमच

## एक नजर में

### ओलावृष्टि/अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए विधायक परिहार ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**नीमच।** नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिले में हुई ओलावृष्टि/अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों के त्वरित सर्वेक्षण एवं किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्राकृतिक आपदा (ओलावृष्टि/अतिवृष्टि) के कारण किसानों की रबी फसलों को भारी क्षति पहुंची है, जिससे अफीम, गेंहू, चना, सरसों एवं अन्य रबी फसलें व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। कई ग्रामों में फसलें पूर्णत: नष्ट होने की स्थिति में है, जिससे कृषको की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसी परिस्थिति में यह आवश्यक है कि प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग के माध्यम से त्वरित एवं वास्तविक क्षति का सर्वेक्षण कराया जाकर शासन की नियमानुसार आपदा राहत मद से शीघ्र मुआवजा राशि स्वीकृत की जाए, ताकि पीडित किसानों को समय पर राहत मिल सके। साथ ही वित्तमंत्री जगदीश देवडा एवं कृषि मंत्री से फोन पर चर्चा कर जिले में हुई प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थितियों से अवगत कराया जिस पर उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक श्री परिहार ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्रामों एवं क्षेत्रों में विशेष सर्वे कराकर पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें।

### प्राकृतिक आपदा की घड़ी में सरकार व प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है



**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन, प्राकृतिक आपदा की घड़ी में किसानों के साथ है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में राजस्व एवं कृषि विभाग के अमले द्वारा गत दिनों हुई ओलावृष्टी एवं बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन/सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अपर कलेक्टर श्री बी.एस कलेश ने बताया कि नीमच जिले में सोमवार को सुबह से ही राजस्व एवं कृषि अमले ने ओलावृष्टी से प्रभावित गांवों में किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है। एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने सोमवार को ग्राम तुमड़ा, रूपावास, आंकली एवं सोजावास में किसानों के खेतों का टीम के साथ भ्रमण कर, फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी ने जावद क्षेत्र के गांव मांण्डा का भ्रमण कर फसल नुकसानी का जायजा लिया। नीमच व जीरन तहसील के पटवारियों और कृषि एवं राजस्व अमले ने लाछ बमोरा एवं क्षेत्र के अन्य गांवों में ओलावृष्टी से हुए नुकसान का जायजा लिया। कृषि एवं राजस्व विभाग की टीमों द्वारा ओला प्रभावित सभी गांवों में खेतों में जाकर फसल नुकसानी का सर्वे कार्य तत्परता पूर्वक किया जा रहा है।

# नीमच-महू रोड ठप, किसानों का उग्र चक्काजाम

- फसल तबाही पर फूटा गुस्सा





**नीमच।** जिले में रविवार रात हुई भीषण ओलावृष्टि और तेज बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अचानक बदले मौसम ने रबी फसलों पर ऐसा कहर बरपाया कि खेतों में लहलहाती फसलें मिनटों में जमीन पर बिछ गईं। अफीम, गेहूं, चना, चिया, लहसुन, प्याज, सरसों, मेथी, अलसी, मसूर और किनवा जैसी प्रमुख रबी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। किसानों का कहना है कि फसलें शत-प्रतिशत बर्बाद हो चुकी हैं और अब खेतों में कुछ भी बचा नहीं है। इस प्राकृतिक आपदा से भंवरासा, कचोली, खेताखेड़ा, केलुखेड़ा, बामनिया, पालसोड़ा, पिपलियाव्यास, मेलकी मेवाड़, विशन्या और दिपुखेड़ी सहित करीब 10 गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं। कई किसानों ने बताया कि ओले इतने बड़े थे कि फसल के साथ-साथ खेतों में लगे ड्रिप पाइप, तिरपाल और अन्य कृषि उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए। पहले से लागत के बोझ तले दबे किसानों के सामने अब परिवार के पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। फसल नुकसान से आक्रोशित किसानों ने अपने हक की मांग को लेकर सोमवार को महू-नसीराबाद हाईवे पर स्थित भंवरासा फंटे पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक हाईवे पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप रही, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों की मांग थी कि बिना किसी कागजी औपचारिकता और देरी के तत्काल मुआवजा व बीमा राशि दी जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। चक्काजाम की सूचना मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान ओर कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती मौके पर पहुंचे और किसानों से संवाद किया। उन्होंने नुकसान को गंभीर बताते हुए किसानों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी तुरंत सक्रिय हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, अपर कलेक्टर बी.एस. क्लेश, सीएसपी किरण चौहान, जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव और नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे कराया जाएगा और पात्र किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई और चक्काजाम समाप्त कराया गया।

## जावद-सिंगोली में ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद, किसान बोले- फसलों पर दोहरा नुकसान



**नीमच। जिले के जावद और सिंगोली सहित 10 से अधिक गांवों में रविवार दोपहर अचानक मौसम बदलने से तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि के कारण अफीम के डोडे टूट गए और कटाई के लिए तैयार सरसों की फसल खेतों में बिछ गई। रविवार देर रात करीब 10 बजे जावद के मोरवन और आसपास के इलाकों में भी ओलावृष्टि दर्ज की गई।**

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, ओलावृष्टि से अफीम और सरसों की फसलों को विशेष रूप से क्षति हुई है। हालांकि, गेहूं और चना जैसी फसलों को सामान्य बारिश से आंशिक लाभ मिलने की संभावना है।

प्रधान एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीपी पचौरी ने बताया कि जिले के कुछ हिस्सों के लिए बारिश का अलर्ट था, लेकिन ओलावृष्टि का कोई पूर्वानुमान नहीं था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अचानक हुई ओलावृष्टि प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में आती है। आमतौर पर जनवरी-फरवरी में मावठे की बारिश होती है, लेकिन पिछले दो वर्षों से इस अवधि में ओलावृष्टि नहीं हुई थी। मार्च और जून 2023 में जिले के कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि दर्ज की गई थी। किसानों का कहना है कि वे पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और इस ओलावृष्टि से उन्हें दोहरा नुकसान हुआ है। वे शासन-प्रशासन से तत्काल फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

इस प्राकृतिक आपदा को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने नीमच कलेक्टर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने गांवों में ओलावृष्टि और आंधी से किसानों को हुई भारी क्षति का उल्लेख किया।

सांसद ने प्रशासन से राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम गठित कर जल्द से जल्द मौके पर फसल नुकसान का सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है।

**एक नजर** — बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से फसलें चौपट

# किसान संघ ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने की मांग




**नीमच।** जिले में रविवार को हुई बेमौसम बारिश और भारी ओलावृष्टि से रबी की फसलों को नुकसान हुआ है। नुकसान के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसान सड़कों पर उतरे। किसानों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया और सरकार से तुरंत राहत देने की गुहार लगाई।

**मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, तत्काल सर्वे की मांग**-भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र धाकड़ के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर चंद्र सिंह धारवे को सौंपा। किसानों की मुख्य मांग है कि प्रशासन तुरंत विशेष टीमों का गठन कर प्रभावित गांवों में भेजे और फसलों के नुकसान का सही सर्वे कराए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सर्वे और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे।

**अफीम और चियासीड जैसी फसलें बर्बाद**-किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि इतनी भीषण थी कि अफीम, गेहूं, चना, रायड़ा, चियासीड और ईसबगोल की फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। अफीम के डोडे फटने और गेहूं की बालियां गिरने से उत्पादन न के बराबर होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर फसलें बोई थीं, जो अब चंद मिनटों में जमींदोज हो गई हैं।

### बीमा क्लेम और आर्थिक राहत की गुहार

प्रदर्शन के दौरान संघ ने मांग की कि प्रदेश सरकार प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द आपदा राहत राशि प्रदान करे। साथ ही, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत दावों (क्लेम) का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की बर्बादी से चिंता और मायूसी का माहौल है। किसानों का कहना है कि वे अब पूरी तरह सरकार की मदद पर निर्भर हैं।